**डॉ. के. श्रीनिवासराव**
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

**साहित्य अकादेमी**
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

## साहित्य अकादेमी द्वारा रामदरश मिश्र जन्मशताब्दी समारोह का आयोजन 10 जुलाई को प्रख्यात गुजराती लेखक और साहित्य अकादेमी के महत्तर सदस्य रघुवीर चौधरी करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। 8 जुलाई 2024; साहित्य अकादेमी हिंदी के प्रतिष्ठित लेखक रामदरश मिश्र की जन्मशती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन 10 जुलाई को कर रही है। साहित्य अकादेमी सभागार (प्रथम तल) में आयोजित हो रही इस संगोष्ठी का उद्घाटन प्रख्यात गुजराती लेखक और साहित्य अकादेमी के महत्तर सदस्य रघुवीर चौधरी करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वयं रामदरश मिश्र उपस्थित रहेंगे तथा बीज भाषण प्रतिष्ठित हिंदी लेखक प्रकाश मनु देंगे। कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा करेंगी। बाद में दो सत्र रामदरश मिश्र के पद्य साहित्य और गद्य साहित्य पर होंगे। पद्य साहित्य सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ लेखक विश्वनाथ त्रिपाठी करेंगे तो गद्य साहित्य सत्र की अध्यक्षता प्रख्यात लेखक गिरीश्वर मिश्र करेंगे। कार्यक्रम में बालस्वरूप राही, ओम निश्चल, स्मिता मिश्र, वेद प्रकाश अमिताभ, अलका सिन्हा एवं वेदमित्र शुक्ल भी अपने–अपने आलेख प्रस्तुत करेंगे।

ज्ञात हो कि साहित्य अकादेमी पुरस्कार एवं सरस्वती सम्मान तथा भारत भारती सम्मान प्राप्त रामदरश मिश्र के 14 काव्य–संग्रह, 15 उपन्यास, 20 से ज्यादा कहानी–संग्रह प्रकाशित है। इसके अतिरिक्त ललित निबंध, यात्रावृत्त, डायरी, आलोचना, संस्मरण, साक्षात्कार की 35 से ज्यादा पुस्तकें प्रकाशित हैं। आपकी रचनाओं के अनेक भारतीय भाषाओं में अनुवाद प्रकाशित हुए हैं। 15 अगस्त 1924 को गोरखपुर के डूंगरी गाँव में जन्में रामदरश मिश्र को 2015 में उनके काव्य संग्रह *आग की हँसी* के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

के. श्रीनिवासराव

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in